# SSC – 2025-2026

## HINDI 50MARKS PRACTICE PAPER-2

**Name of the Student:……………………………… Roll No. :…...**

## भाग-I (35M)

**I. अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया:-**

**1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

हामिद अपनी दादी अमीना की गोदी में सोता है। दादी हामिद से कहती है कि उसके अब्बाजान रुपये कमाने गये हैं। अम्मीजान अल्लाह मियाँ के घर से उसके लिए बहुत सी अच्छी चीजें लाने गयी हैं। आशा तो बड़ी चीज है। हामिद के पाँव में जूते नहीं हैं, सिर पर एक पुरानी टोपी है, जिसका गोटा काला पड़ गया है। फिर भी वह प्रसन्न है।

**प्रश्न :**

**अ) हामिद किसकी गोदी में सोता है ?** 2M

आ) हामिद के सिर पर क्या है ? ( ) 1M

A) टोपी B) थैली C) रुमाल D) कपडा

इ) हामिद किसकी गोद में सोता है ? ( ) IM

A) मामी B) चाची C) दादी D) नानी

ई) हामिद के पाँव में क्या नहीं हैं ? ( ) IM

A) घुँघुरु B) डोरी C) कंकण D) जूते

**2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे।
सत्य, अहिंसा, समर्पण की बगिया महकायेंगे।
जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे।
विश्वबंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे।

**प्रश्न :**

**अ. मन में किसका अद्भुत दृश्य दिखाना चाहते हैं ?** 2M

आ. धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं। ( ) 1M

A) प्रेम को मिटाकर B) क्लेश को मिटाकर

C) सत्य को मिटाकर D) विश्वबंधुत्व को मिटाकर

इ) भारतवासी श्रद्धा और प्रेम का दृश्य कहाँ दिखाना चाहते हैं ? ( ) 1M

A) घर में B) काम में C) त्याग में D) मन में

ई) भारतवासी कौन-सा मूल मंत्र दुनिया में सरसाना चाहते हैं ? ( ) 1M

A) विश्व बंधुत्व का B) अहिंसा का C) समर्पण का D) श्रद्धा

**3) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

पुराने स्कूल में उसके बहुत सारे मित्र थे और सभी अध्यापक भी उसे पसंद किया करते थे। वह सब से खुशी-खुशी मिलता और मुस्कुराकर 'हैलो' कहता। जब भी कोई कठिनाई में होता तो राजू सबसे पहले उसकी मदद के लिए पहुँच जाता। उसके पुराने स्कूल में कभी किसी ने उसकी कमज़ोरी की ओर भी ध्यान नहीं दिया-उसकी टांगें बहुत पतली और दुर्बल थीं।

**प्रश्न :**

**अ) किसकी टांगे बहुत पतली और दुर्बल थी?** 2M

आ) राजू सभी मित्रों से कैसे मिलता था? [ ] 1M

A) उदासी से B) क्रोध से C) खुशी-खुशी से D) ईर्ष्या से

इ) जब कोई कठिनाई में होता तो राजू क्या करता था? [ ] 1M

A) अवहेलना करना B) हँसना C) चिल्लाना D) मदद करना

ई) राजू के बहुत सारे मित्र किस स्कूल में थे? [ ] 1M

A) पुराने B) नए C) शहर के D) विदेश के

**4) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

श्री ताल्लपका अन्नमाचार्य एक तेलुगु संत कवि और कर्नाटक संगीत रचयिता थे। वे दक्षिण भारत के प्रसिद्द संकीर्तनाचार्य थे। उनका जन्म 9 मई 1408 को हुआ था। उन्होंने भगवान् श्री वेंकटेश्वर की स्तुति में अनेक कीर्तन लिखे थे। तेलुगु भाषी उन्हें पद-कविता पितामह कहते हैं। उन्होंने "संकीर्तन लक्षणमु "नामक संगीत ग्रंथ लिखा था।

**प्रश्न :**

**अ) पद कविता पितामह के नाम से कौन प्रसिद्द है?** 2 M

आ) संकीर्तन लक्षणमु किसकी रचना है ? [ ] 1M

A) नन्नया B) रामदास C) मोल्ला D) अन्नमाचार्य

इ) अन्नमाचार्य किसकी स्तुति में संकीर्तन लिखे थे [ ] 1M

A) राम B) अर्जुन C) श्री वेंकटेश्वर D) इंद्र

ई) अन्नमाचार्य किस भाषा के संत कवि है ? [ ] 1M

A) तेलुगु B) तमिल C) कन्नड़ D) मलयाल

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

प्रलय मचा रहा है मोंथा तूफ़ान
विलय हो रहा है सब संसाधन
जलद बन गये है उनके वाहन
कलेजा भर गया है बडी रुदन
काल हँस रहा है मनुज के बदन

प्रश्न :

अ) प्रलय कौन मचा रहा है ? 2M

आ) सब संसाधन क्या हो रहे हैं ? ( ) 1M

A) विलय B) प्रलय C) मलय D) निलय

इ) मोंथा के वाहन क्या बन गये हैं ? ( ) 1M

A) जलद B) हलद C) मोर D) शेर

ई) काल किसके बदन पर हँस रहे हैं ? ( ) 1M

A) बिल्ली B) हंस C) मनुज D) बाघ

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए। 5x1=5M**

काका कालेलकर का पूरानाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है। उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्यु सन् 1991 में हुई। इन्होंने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया। इन्होंने हिन्दुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं।

प्रश्न :

अ) काका कालेलकर का पूरा नाम_______________ है।

आ) काका कालेलकर की मृत्यु_______________ में हुई।

इ) _______________ ने आजीवन गंधीवादी विचारधारा का पालन किया।

ई) काका कालेलकर ने_______________ के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की।

उ) काका कालेलकर _______________ के सदस्य भी रह चुके हैं।

**7. संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5M**

**अ) श्री सुमित्रानंदन पंत :**

i) जन्म सन् 1900
ii) वीणा, ग्रंथि, पल्लव, गुंजन
iii) प्रकृति के बेजोड़ कवि
iv) "साहित्य अकादमी" "सोवियत रूस" पुरस्कार
v) निधन सन् 1977

**(या)**

**आ) बिहारी :**

i) जन्म 1595 में
ii) मृत्यु 1663 में
iii) गुरु नरहरिदास
iv) रचना - सतसई (सप्तशती)
v) गागर में सागर भरना

## भाग-V (15M) भाषा की बात

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।15 x 1=15M**

16. सावन के मेघ झम-झम बरसते हैं। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| श्रावन | सावण | श्रावण |

17. वर्षा ऋतु में मोर नाचता है। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| वर्षा | नाचता | मोर |

18. पंद्रह सौ छप्पन – ( हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विक्लपों में से पहचान कर लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| 1586 | 1556 | 1567 |

19) पहाड़ियों ...... अपने गीत होते है।(सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| को | में | से |

20) उनको सही राह दिखाएँगे। (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| रास्ता | जीवन | विश्वास |

21. बच्चों में त्याग और सद्भाव के गुण निहित है। (रखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हेय | स्वार्थ | सामंजस्य |

22. बगुलों के चरण चिहन् टापुओं पर निक्षिप्त हैं। (रखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुप समास | द्विगु समास |

23. पर्यावरण की रक्षा हमारा कर्त्तव्य है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| परि + आवरण | पर्या + आवरण | पर्या + वरण |

24. कलाम एक **सुप्रसिद्ध** वैज्ञानिक थे। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सु | सुप्र | स |

25. यह एक **ऐतिहासिक** घटना प्रधान एकांकी है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| क | इक | सिक |

26. अमीना का दिल कचोट रहा है। (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| दिल कचोटना | अमीना | रहा है |

27. बैल घास चर रहा था। (इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
| गाय घास चर रहा था। | गाय घास चर रही थी। | गाय घास चर रहे थे। |

28.लड़का खेल रहा है। (इस वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लड़की खेल रहे हैं। | लड़कों खेल रहे हैं। | लडके खेल रहे हैं। |

29. हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे। (इस वाक्य का वर्तमान काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाते हैं। | हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाये थे। | हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायी। |

30. तुम तुम्हारा काम करो। (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| तुम अपने काम करो। | तुम अपना काम करो। | तुम अपनी काम करो। |

हमारी हिंदी